दैनिक जागरण 14/01/2025

सुझाव और समाधान के लिए कालेज तैयार

एनईपी 2020

जागरण संवाददाता • अंबाला : न्यू एजुकेशन पालिसी (एनईपी) 2020 को लेकर जहां मंडल स्तर पर उच्चतर शिक्षा निदेशालय (डीएचई) द्वारा सेमीनार आयोजित कर प्रिंसिपलों को इसे लागू करने के बारे में बताया, वहीं इसे पूरी तरह से दिसंबर 2025 तक लागू किया जाना है।

इस सेमीनार में प्रिंसिपलों ने एनईपी को लेकर जहां अपनी बात रखीं, वहीं अब डीएचई ने इसको लेकर अपनी तैयारी की है। इसके तहत लांच किए गए पोर्टल पर कालेज स्टाफ सहित विद्यार्थी, पूर्व विद्यार्थी (एलुमनाइ) अपने सुझाव और समाधान दे सकते हैं। यह कसरत करीब बीस दिनों तक होगी, जिसके बाद मिलने वाले सुझावों पर गुरुग्राम में बैठक होगी, जिसमें इन सुझावों पर बातचीत होगी।

नेशनल लेवल पर होने वाली इस मीटिंग में शिक्षाविद सहित तमाम विशेषज्ञ मौजूद रहेंगे। अब कालेजों पर मामला टिका है कि वे एनईपी को लेकर क्या सुझाव देते हैं, क्योंकि अंबाला कैंट में हुए सेमीनार में यह शिकायत सामने आईं थी कि एनईपी के तहत सिलेबस को तैयार करते वक्त प्रिंसिपलों या कालेज प्रतिनिधियों को शामिल नहीं किया गया था। बता दे कि प्रदेश में 365 कालेज हैं, जिनसे उम्मीद की जा रही है कि कई सुझाव मिलेंगे। अंबाला में कालेजों के प्रिंसिपलों से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि वे सुझाव अवश्य देंगे।

एनईपी 2020 युवाओं के भविष्य को एक नया आयाम देगी। इसमें देश भर में एक जैसा ही सिलेबस हो तो बेहतर होगा। कालेज में स्टाफ से लेकर विद्यार्थी भी अपने सुझाव देंगे। जो भी सुझाव मिलेंगे, उसे पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। - **डा. रोहित दत्त,** प्रिंसिपल जीएमएन कालेज, अंबाला कैंट